The Court of Subordinate Judge-I, Pupri (Sitamarhi)

Title Suit No. 39/2019

Md. Hasim Ansari (Plaintiff) **Vs.** Ali Hasan Ansari (Defendant)

Serial No.	Date of order of proceeding	Order with signature of the Court	Office action taken with date
		Order	
	09/03/2022	अभिलेख आज आवेदक की ओर से दीवानी प्रक्रिया संहिता के आदेश 22 नियम 4 के अतंर्गत दाखिल शपथ पत्र से समर्थित आवेदन दिनांक 24.12.2021 पर सुनवाई पश्चात् आदेश प्रस्तुत किया गया है। आवेदक ने अपने आवेदन में यह निवेदन किया है कि प्रस्तुत वाद के प्रतिवादी अली हसन अंसारी का स्वर्गवास दिनांक 30.10.2021 को हो गया है जो अपने पीछे अपनी दो पत्नी, तीन पुत्र तथा सात पुत्री को छोड़कर मरे है। अतः न्यायहित में मृतक प्रतिवादी अली हसन अंसारी का नाम कलमजद कर उनके वारिसानों का नाम प्रतिस्थापित करने की कृपा की जाए। प्रतिवादी के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा आवेदन का मौखिक विरोध किया गया। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता को सुना। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से वादी द्वारा किया गया आवेदनांकित कथन प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होता है। अतएव न्यायहित में आवेदक द्वारा दाखिल आवेदन के आलोक में वाद पत्र से प्रतिवादी अली हसन अंसारी का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम प्रतिस्थापित करे। कार्यालय तद्नुसार नाम प्रतिस्थापित करें। [Ravi Pandey] Sub-Judge-I Pupri [Sitamarhi]	